हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 21 अगस्त 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 25 वर्षों में छग ने छुए अनेक आयाम, नए संकल्पों के साथ बढ़ना है आगे



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### केदारपुर टंकी से संबंधित वार्डों में आज प्रभावित रहेगी आपूर्ति

**अंबिकापुर।** गुरुवार को केदारपुर पानी टंकी में आवश्यक सुधार और मरम्मत कार्य के कारण 8 वार्डों में शाम के समय पानी आपूर्ति बाधित रहेगी। ननि आयुक्त ने बताया कि शहर के केदारपुर पानी टंकी में आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य किया जाना है। सुधार कार्य के कारण 21 अगस्त को केदारपुर पानी टंकी से संबंधित वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 25, 26, 27 एवं 28 में शाम के समय की पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके पूर्व सुबह के समय नियमित रूप से पानी सप्लाई होगी जबकि 22 अगस्त से सुबह एवं शाम दोनों टाइम पानी की सप्लाई सुचारू की जाएगी।

### निम्हा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में 22 अगस्त को प्रातः 9 बजे से जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत निम्हा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिस हेतु जनपद पंचायत लखनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कार्य सम्पादन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ ही समर्थकों ने की जमकर आतिशबाजी

# राजधानी में राजेश अग्रवाल ने ली मंत्री पद की शपथ, सरगुजा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

बुधवार को अंबिकापुर विधानसभा से विधायक राजेश अग्रवाल ने मंत्री पद की शपथ ले ली है। रायपुर में आयोजित समारोह के दौरान श्री अग्रवाल ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद मंत्री श्री अग्रवाल को पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। लम्बे इन्तजार के बाद सरगुजा जिले को मंत्री मिलने से जिलेवासियों के साथ भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। मंत्री श्री अग्रवाल के लखनपुर और मुख्यालय स्थित निवास में जमकर आतिशबाजी की गई और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया।



**खास बात**
- बांटी मिठाई

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के गठन के बाद से ही तीन मंत्रियों के पद रिक्त पड़े हुए थे और लम्बे समय से मंत्री मंडल के विस्तार को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। सरगुजा संभाग की बात की जाए तो यहां जशपुर जिले से स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश की कमान संभाल रहे है जबकि बलरामपुर जिले से कद्दावर आदिवासी नेता राम विचार नेताम, भटगांव से श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और एमसीबी से श्याम बिहार जायसवाल को कैबिनेट में जगह दी गई थी लेकिन सरगुजा जिले से किसी भी विधायक को कैबिनेट में जगह नहीं मिल पाई थी। एक बार फिर से मंत्री मंडल के विस्तार की चर्चाएं शुरू होने के बाद ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल को कैबिनेट में जगह मिल सकती है और मंगलवार की देर शाम तक यह लगभग तय हो गया था। बुधवार को रायपुर में राजेश अग्रवाल ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। इस शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही सरगुजा जिले व अंबिकापुर विधानसभा में जश्न का माहौल शुरू हो गया।



जश्न मनाते समर्थक।

### निवास स्थान पर जमकर की गई आतिशबाजी

विधायक राजेश अग्रवाल के कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही सरगुजा में जमकर जश्न मनाया गया। हालांकि शपथ ग्रहण के लिए श्री अग्रवाल का नाम तय होने के बाद परिवार के सदस्य व समर्थक 19 अगस्त को ही रायपुर के लिए रवाना हो गये थे। इस दौरान लखनपुर स्थित निवास के बहार कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया और जमकर आतिशबाजी की। इसके साथ ही मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। इसके साथ ही उनके अंबिकापुर गांधी चौक के समीप स्थित शासकीय आवास में भी सुबह से चहल पहल देखने को मिली। बड़ी संख्या में समर्थक उनके निवास स्थान पर पहुंचे थे और जीत का जश्न मनाया।

### उप सरपंच से शुरुआत, बने मंत्री

1967 में लखनपुर बाजार पारा में जन्में राजेश अग्रवाल ने 12वीं तक की शिक्षा हासिल की है। उन्होंने वर्ष 2000 में ग्राम पंचायत कुंवरपुर से उप सरपंच के रूप में अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की। इसके बाद वर्ष 2014 से 2019 तक वे नगर पंचायत लखनपुर के अध्यक्ष रहे। वर्ष 2017 में श्री अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा और उसके बाद लगातार भाजपा में सक्रिय रहे। 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने भरोसा जताते हुए अंबिकापुर विधानसभा सीट से टिकट दिया और राजेश अग्रवाल ने प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को कड़ी टक्कर देते हुए 94 मतों से मात दी। यही वजह है कि पार्टी ने उन्हें कैबिनेट में जगह दी है और मंत्री पद की शपथ लेने के बाद अब उन्हें पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# बाइकर्स गैंग ने बाहुबली बनने का वीडियो किया वायरल, पुलिस ने निकाली हेकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- वायरल वीडियो के आधार पर 10 आरोपी गिरफ्तार, 8 नाबलिग के परिजन पर होगी कार्रवाई

शहर का बाहुबली बनने का शौक पालकर धारदार हथियार के साथ रैली निकालने वाले बाइकर्स गैंग की हेकड़ी पुलिस ने निकाल दी है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने बाइकर्स गैंग की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है जबकि दो युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई है। इसके साथ ही नाबालिग बाइकर्स के परिजन को नोटिस भेजा गया है और उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि इन दिनों सोशल मीडिया में एक वीडयो वायरल हो रहा है जिम्सने 20 से अधिक बाइक पर 25-30 युवक तेज रफ्तार से उत्पात मचा रहे है और उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया है जिसमे सुनाई मिर्जापुर वेब सीरिज का एक डायलोग भी सुनाई दे रहा है कि यहां के बाहुबली हम है। इस वायरल वीडियो में दो युवकों ने अपने मुंह में धारदार हथियार चाकू को पकड़ा है और लहरा रहे है। यह घटना 15 अगस्त को प्रतापपुर रोड की बताई जा रही है। इस दौरान बाइकर्स गैंग के उत्पात से आस पास के लोग सहमे हुए थे। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लिया और वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में केदारपुर पहुना दुकान के पास रहने वाले 21 वर्षीय अतुल ताम्रकार आ. बिरजू ताम्रकार व शिवधारी कॉलोनी निवासी चिनु पंडित उर्फ सुधांशु राय आ. नवनीत राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने हथियार लहराने और बाइक से उत्पात मचाने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही पुलिस ने इस गिरोह में शामिल अन्य 8 बाइकर्स को भी गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त 5 बाइक, घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया है। पुलिस ने अतुल ताम्रकार व सुधांशु राय के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



### इनकी भी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने तेज रफ्तार बाइक चलाकर आम लोगों में भय फिलाने और दूसरों की जान जोखिम में डालने के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में बाइकर्स गैंग के महामाया रोड निवासी 25 वर्षीय अक्षत अग्रवाल आ. दीपक अग्रवाल, सत्तीपारा रानी सती मंदिर रोड निवासी 18 वर्षीय समीर गुप्ता आ. राकेश गुप्ता, प्रतापपुर रोड सहेली गली निवासी 19 वर्षीय नेहिल कार राजवाड़े आ. अनिल, 19 वर्षीय निशांत नगेशिया आ. योगेश नगेशिया, मिशन चौक निवासी 19 वर्षीय आकाश झारिया आ. सुनील झारिया, प्रतापपुर नाला सहेली गली निवासी 19 वर्षीय रोशन असावर आ. राजू असावर, सत्तीपारा निवासी 21 वर्षीय जय किशन दास आ. मेवा दास व मिशन चौक निवासी 22 वर्षीय रोहित केडिया आ. बसंत केडिया को बीएनएस की धारा 281,125 (ए), 170 एवं मोटर यान अधिनियम की धारा 123,184 के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही इस प्रकरण में अब तक 8 नाबालिग बाइकर्स की भी पहचान हुई है। पुलिस द्वारा नाबालिग बाइक चालकों के परिजन को एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई व लाइसेंस निलंबित करने के लिए नोटिस भेजा गया है।


### की गई है कड़ी कार्रवाई



बाइक सवारों युवकों का वीडियो वायरल हुआ था जिसके बाद जांच उपरान्त यह कार्रवाई की गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन और आम नागरिकों में भय फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को बाइक चलाने के लिए दे रहे है और वे नियमों का उल्लंघन कर रहे है। ऐसे मामलों में उनके परिजन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभी इस मामले की जांच चल रही है और कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा





8 March Womens Day

## हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार** – सोने की अंगूठी



भारती दुबे

**द्वितीय पुरस्कार** – मिक्सर ग्राइंडर



गुलापा बाई

**तृतीय पुरस्कार** – डिनर सेट



आशा दुबे

**चतुर्थ पुरस्कार** – इलेक्ट्रिक आयरन



नीतु रानी पाल

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम



योगिता, मनोरमा कौशिक, प्रियंका पाण्डेय, नितु कुमारी, बर्षा मोहंती

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम

### जांजगीर जिला



प्रीति स्वर्णकार, भारती नामदेव, प्रीति यादव, चन्द्रकला राव, रूचिका सोनी



डा. अलिजा खुटे, सरोजनी साहू, सृष्टि साहू, कामीनी सोनी, प्रांची तिवारी

### रायगढ़ जिला



हेमा साहू, रानू राय, सुनीता देवी अग्रवाल, प्रांची देवांगन, शिवानी गुप्ता



अर्चना अग्रवाल, शोभा ठाकुर, उर्मिला ठाकुर, शिप्रा चतुर्वेदी, नीलम विश्वकर्मा

### कोरबा जिला



बबीता साहू, रीतू जायसवाल, नेहा तिवारी, आरती सिंह राजपूत, प्रिया साहू, ओजस्वी सपहा, गीता यादव, शीतला साहू, खुशी अग्रवाल, रोशनी सूर्यवंशी

### सरगुजा जिला



सावित्री पाण्डेय, नीतू रेलवानी, सविता श्रीवास्तव, रंजू मेहता, राशी गुप्ता



ममता मिश्रा, मेहरून नीशा, नम्रता गोयल, संस्कृति श्रीवास्तव, पूनम यादव

### कोरिया जिला



कविता कुमार, सुमन भारती, नमीता बंसरिया, मीरा देवी, रीना कश्यप



जसीना खातुन, सुनीता देवी, प्रीति सिंह, नाजनीन खान, तसकीन खान

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

## खबर संक्षेप



### सीट में वृद्धि करने एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** एनएसयूआई सरगुजा ने बुधवार को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति को विधि संकाय में सीट बढ़ाने के साथ ही साथ सभी अग्रणी महाविद्यालयों में विधि की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्र संगठन ने बताया कि अम्बिकापुर स्थित राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरे संभाग में विधि संकाय की शिक्षा का एकमात्र केंद्र है। यहां इस विषय की 240 सीट थी जिसे घटाकर 120 कर दिया गया है। इससे विधि की पढ़ाई को इच्छुक छात्रों के लिए अवसर सीमित हो गये हैं। सीट बढ़ाने के साथ ही एनएसयूआई ने यह भी मांग रखी है कि सरगुजा संभाग के सभी अग्रणी कॉलेजों में लॉ विषय की पढ़ाई प्रारंभ की जाए ताकि दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को भी नजदीक में विधि शिक्षा का अवसर मिल सके एनएसयूआई सरगुजा ने स्पष्ट किया कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लेता है, तो छात्रों के साथ मिलकर आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल, विवि अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, धीरज गुप्ता, अंकित जायसवाल, अभिषेक सोनी, राधे अग्रवाल, ऋषभ जायसवाल, अतुल यादव, राधे गोयल, आकाश यादव, अनमोल गोस्वामी, संजर नवाज, गौतम गुप्ता, परमेश्वर भगत, वैभव पांडे, अभिनव काशी आदि शामिल थे।

### निगम के वार्डों में निःशुल्क हेल्थ कैंप

**डोमनहिल।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत वार्डों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में हल्दीबाड़ी के मोहन नगर वार्ड में निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों सहित बच्चों की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। कैंप में पहुंचे निवासियों का बीपी, शुगर, सर्दी-खांसी और अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। साथ ही मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। आरएचओ कमला शुक्ला ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक वार्ड में इस प्रकार के हेल्थ कैंप नियमित रूप से लगाए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में आने वाले मरीजों में महिलाएं और बच्चे अधिक होते हैं। बच्चों में सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियां आम हैं,वहीं बुजुर्गों में बीपी और शुगर की समस्याएं सामान्य रूप से पाई जाती है, ऐसे मरीजों को तुरंत दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उन्हें आगे की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## ककना-कल्याणपुर मार्ग पर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# भारी वाहनों के उपयोग से जर्जर हुई पीएमजीएसवाई की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

**खास बात**
- छोटे वाहनों के चालकों की बढ़ी परेशानी

ग्रामीण सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर होती सड़क को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। एनएच की खस्ताहाल सड़क के कारण ट्रक व अन्य भारी माल वाहक वाहन ककना कल्याणपुर मार्ग का उपयोग कर रहे है जिससे यह सड़क भी जर्जर होती जा रही है। ऐसे में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर इन सड़कों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद आन्दोलन समाप्त हुआ।

एनएच 343 पर अंबिकापुर-रामानुजगंज सड़क की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढों के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ऐसे में छोटे चार चक्का वाहन, बाइक चालक चाची से बदौली-अखोरा सड़क का उपयोग कर कल्याणपुर मार्ग से अम्बिकापुर आवागमन कर रहे है। वहीं ककना से कल्याणपुर मार्ग का उपयोग भी छोटे वाहनों के चालक कर रहे लेकिन कुछ दिनों से इस ग्रामीण सड़क पर भारी मालवाहक ट्रक, हेवा, ट्रेलर के साथ ही बस चालकों द्वारा भी आवागमन किया जा रहा है। भारी वाहनों के आवागमन से पीएमजीएसवाई की सडक जगह जगह जर्जर होकर टूट गई है और बड़े बड़े गड्ढे होने से छोटी गाड़ियां बारिश के समय फंसने लगी है। ऐसे में सड़क के सुधार को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा 31 जुलाई को इस सड़क पर बड़े मालवाहक वाहन एवं अनाधिकृत रूप से चलने वाले ओवर लोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग रखी थी। बीस दिन के समयावधि बीत जाने के बाद प्रशासन की तरफ से वाहनों के आवाजाही पर कोई रोक नहीं लगाने से 20 अगस्त को सुबह 11 बजे से सड़क पर बैठ कर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। बरियों तहसीलदार नरेंद्र कंवर के द्वारा समझाने का प्रयास विफल हो गया प्रदर्शनकारियों द्वारा राजपुर एसडीएम को मौके पर आकर लिखित आश्वासन देने अड़े रहे और सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते रहे। किसी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल कुसमी एसडीओपी एनामुएल लकड़ा, राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, बारियों चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह, पस्ता चौकी प्रभारी विमलेश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। एक घंटे चले चक्का जाम को खुलवाने राजपुर अनुविभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों से बात कर उनके मांग पर जल्द उचित कार्यवाही करने आश्वस्त किया जिसके बाद चक्का जाम समाप्त किया गया।



प्रदर्शन करते ग्रामीण।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रामकिशुन, डीपी विश्वकर्मा, अंशीरांशु मिश्रा, पंकज जायसवाल, दयासागर सिंह, उपसरपंच सीधमा कृष्णा जायसवाल, चंदू राम, संघन राम, सलमा, भुनेश्वर सिंह, मिनेश पैकरा, दिनेश यादव, जयकुमार तिर्की, मुनेश यादव, नरेश चौधरी, सुलू राम, रामसागर यादव, शेनाथ राम, धनंजय सिंह, प्याचंद, बुल्लू, साधुम, जमोद, नर्सिंग, कृष्ण, तेजा राम, बट्टू, भोला प्रसाद, सीटू पाण्डेय, सुरेश पन्ना, बाल किशुन व कांग्रेस कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पंडो जनजाति की जमीन पर भू माफिया का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कार्यालयों के चक्कर लगा रहे बुजुर्ग, चांदनी चौक में मौजूद है करोड़ो की सेटलमेंट की जमीन

भू माफियाओं के चंगुल में फंसकर एक पंडो परिवार दरदर की ठोकरें खाने को मजबूर है। भू माफियाओं ने शहर के बीच चांदनी चौक में स्थित करोड़ो की जमीन पर कब्जा कर लिया और बड़ी बड़ी बिल्डिंग भी बन गई। हैरानी की बात तो यह है कि पंडो परिवार अपनी जमीन को वापस पाने के लिए कलेक्टर से लेकर सीएम तक गुहार लगा चुका है। एक बार फिर से परिवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है। गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम बढ़नी झरिया निवासी बुजुर्ग माधव मंदों आ. जेठू पंडो ने बताया कि शहर के मायापुर चांदनी चौक के समीप खसरा नम्बर 2194, 2195, 2198 व 2199 में कुल 91 डिसमिल जमीन स्थित है। उक्त सेटलमेंट की भूमि उनके पूर्वज बुद्धू पंडो और मोहरी पंडो के नाम पर दर्ज है और इस भूमि पर 1969 तक मकान बनाकर परिवार रहता भी था। इसी दौरान किसी कारणों से उनके परिवार को सरगुजा छोड़ना पड़ा और वे सूरजपुर के तिलई कछार में जाकर बस गये थे। विशेष पिछड़ी जनजाति



पंडो परिवार के नाम पर दर्ज उक्त जमीन पर गैर आदिवासी परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया है। उक्त भूमि पर को अलग अलग लोगों को बेच दिया गया है और उसपर लोगों ने कब्जा कर बिल्डिंग का निर्माण कर लिया है। अब भूमि के असल वारिस जयनगर तेलईकछार निवासी लवांगो बाई आ. चमरू राम, ननकी बाई पति शोभित राम पव माधव पंडो आ. जेठू पंडो अपनी जमीन वापस पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे है। उन्होंने पूर्व में इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के सुशासन तिहार के अंतर्गत 14 मई को की थी जबकि 19 मई को कलेक्टर जनदर्शन में भी आवेदन दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पंडो जनजाति के बुजुर्ग अपनी जमीन वापस पाने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है लेकिन अधिकारियों ने अब तक उनकी शिकायत का कोई समाधान नहीं किया और ना ही कोई कार्रवाई हुई। अब परिवार ने मामले की कलेक्टर जनदर्शन में एक बार फिर से शिकायत की है और मामले की जांच कर अपनी भूमि वापस दिलाने की मांग की है।

# भगवान राम के आदर्श और संस्कार अपनाने का संकल्प ले कुशवाह समाज, मनाई लव-कुश जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कुशवाहा युवा एकता सेवा कल्याण मंच द्वारा सूरजपुर में कुश जयंती का संभागीय कार्यक्रम साधू राम सेवा कुंज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर के साथ साथ उत्तर प्रदेश से आए समाज के लोगो ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान श्रीराम के पुत्र लव कुश की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भक्ति गीत ने लोगों के बीच समा बांध दिया। आयोजन की अध्यक्षता तोषित कुशवाहा संभागीय अध्यक्ष कुशवाहा युवा एकता मेवा कल्याण मंत्र एवं मुख्य अतिथि संतोष महतो उप पुलीस अधिक्षक व प्रभाकर सिंह एवं जिला ब्लाक के समस्त पदाधिकारी व समाज के लोग की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम पूजा पाठ के साथ प्रारंभ हुआ पूजा में जनेउ संस्कार विद्या आरम्भ संस्कारएवं मांस मदिरा नसा छोड़ने के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता एवं रंगा रंग कार्यक्रम एवं स्वास्थय परीक्षण का आयोजन किया गया ।जिसमे समाज के लोगो का डॉ. रितेश, डॉ. श्यामाचरण डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. भोला कुशवाहा द्वारा वीपी, शुगर, सर्दी, बुखार जांच किया गया। मुख्य अतिथि संतोष महतो ने अपने वक्तव्य में समाज में हो रहे साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन पर अनजान कॉल आने पर किसी भी प्रकार की




निजी जानकारी शेयर न करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष तोषित कुशवाहा ने कहा कि कुश जयंती समारोह का आयोजन कर अपने समाज में जन जागृति लाना है। अपने वंश की गौरव और आत्मसम्मान की रक्षा करना है। युवा शक्ति को अपने देश और समाज के लिए तत्पर रहना, बच्चियों को संस्कारिक एवं शिक्षित करके उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। मंच संचालन धीरेन्द्र कुशवाहा द्वारा किया गया। इस दौरान इपकेतु कुशवाहा, रामदेव पटेल प्रेमलान, विनोद भगत, हरिकेश कुशवाहा, बीबीएल कुशवाहा, चंद्रभूषण, देवनारायण, कांति, दुर्गा, रेखा, बिंदु, बाबी, आशा,मंदीप कुशवाहा, सुग्रीव कुशवाहा, प्रकाश, सत्येन्द्र कुशवाहा, अरविन्द सहित अन्य उपस्थित थे।

# राजीव गांधी ने शुरू किया पंचायती राज और संचार क्रान्ति

- जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की जयंती, दिलाई सद्भावना दिवस की शपथ

**अंबिकापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव की 81वी जयंती सद्भावना दिवस बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनकी जयंती पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से सद्भावना दिवस की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राजीव गांधी में यह साहस था कि उन्होंने यह स्वीकार किया कि जनता को भेजे गये 1 रु में मात्र 15 पैसे पहुंच रहे हैं। बीच का सिस्टम 85 पैसे खा रहा है। यह समस्या बगैर तकनीक के समाप्त नहीं हो पाती। इसे ही ध्यान रखते हुए उन्होंने पंचायती राज और संचार क्रांति पर काम किया जिसके फलस्वरूप आज की सरकारें लोगों को खाते तक सीधे सहायता पहुंचा रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि राजीव गांधी ने नैतिकता के साथ विश्व शांति और कौमी एकता के लक्ष्य को साथ रखते हुए शासन किया जो आज के नेतृत्व में लापता हैं। पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि राजीव गांधी ने



कुशलता से देश चलाया, उनकी सोच और कार्य की बदौलत आज देश सूचना और संचार क्षेत्र में विश्व में अहम स्थान हासिल किया है। 20 वी सदी में वे 21वी सदी को लक्ष्य रखकर काम करते थे। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि आज हम राजीव गांधी के द्वारा बनाये गए आधुनिक भारत में रह रहे हैं। हम उनके द्वारा बनाये गए जवाबदेह पंचायती राज में रह रहे हैं जिसपर आज की सरकार के कार्य कलाप से गंभीर खतरा है। ये सरकार वैज्ञानिक सोच और जवाबदेह जनप्रतिनिधित्व को समाप्त कर रही है। पीसीसी महामंत्री श्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज की सरकार वोट चोरी के उद्देश्य से लाखों वोट घटा और बढ़ा रही है। एक राजीव गांधी थे जिन्होंने मतदान का अधिकार देने के लिए संविधान में 61 वां संशोधन कर मतदान की आयु 18 वर्ष कर दी जिसकी बदौलत देश में 5 करोड़ युवाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हो गया। आज के इस कार्यक्रम का संचालन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, मो इस्लाम, मुनेश्वर राजवाड़े, इरफान सिद्धकी, डॉ लालचंद यादव, इंद्रजीत सिंह धंजल, सीमा सोनी, लक्ष्मी गुप्ता, अनूप मेहता, अशफाक अलि, जमील खान, मेराज रंगरेज, वेदप्रकाश शर्मा, शंकर प्रजापति, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, निक्की खान, मो रियाजुल, दीपक मिश्रा, शिवप्रसाद अग्रहरि, निखिल विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, मेघा खांडेकर आदि मौजूद थे।

### महिला कांग्रेस ने घुमंतू बच्चों को दी सौगात

राजीव गांधी जी के जयंती पर महिला कांग्रेस ने जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सिमा सोनी के नेतृत्व में घुमंतू बच्चों के आश्रय स्थल नई दिशा जाकर उन्हें कई चीजों का वितरण किया। इनमें कंपास बॉक्स, फल, चॉकलेट जैसी चीजें थी जिनका वितरण किया गया। इस आश्रय स्थल में 100 के करीब बच्चे निवासरत हैं।

## बिजनेस प्लस

### आनंद ऑटोमोबाइल्स को मिला हीरो इंश्योरेंस अवार्ड

**अम्बिकापुर।** आनंद ऑटोमोबाइल्स को इस वर्ष भी हीरो मोटरसाइकिल स्कुटरेट के सेल्स इंश्योरेंस में अग्रणी होने पर हीरो इंश्योरेंस द्वारा पुनः अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड त्बिलिसी (जॉर्जिया) के होटल में एक कार्यक्रम में दौरान दिया गया। त्बिलिसी जॉर्जिया की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। यह शहर अपनी सुंदर वास्तुकला, समृद्ध इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। त्बिलिसी में गर्म झरने, ऐतिहासिक इमारतें और सांस्कृतिक स्थल है जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। त्बिलिसी एक अद्वितीय शहर है जो अपनी सुंदरता और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। वहां हीरो इंश्योरेंस द्वारा आनन्द ऑटोमोबाइल आनन्द नगर के पार्टनर प्रदीप गुप्ता एवं श्रीमती अंजू गुप्ता को प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारत से आए डीलर्स व कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।




### युवती से छेड़छाड़, आरोपी युवक गिरफ्तार

**लखनपुर।** युवती से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 अगस्त को वह लखनपुर आई थी और फिर अपनी सहेली से घर जाने को बोला तो उसकी सहेली ने अपने रिश्ते के भाई हरिचरण तिग्गा को बाइक से उसके घर भेज दिया। इस दौरान आरोपी युवक युवती को उसके घर लेकर जाने के बदले बेलदगी पुलिया के पास सुनसान इलाके में ले गया और उसके साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा, उसके हाथ को मरोड़ दिया। युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपी भाग निकला। युवती ने घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके बाद 19 अगस्त को मामले थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 138, 74, 75 के तहत ग्राम बेलदगी उतारपारा निवासी 25 वर्षीय हरिचरण तिग्गा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र..... /अ-6/24-25

**- ईश्तहार-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जयसवाल कुजूर आ. जंगसाय कुजूर निवासी सिकिलमा माझापारा थाना व तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरगवां तहसील दरिमा स्थित ख.न. 1644/2, 1644/4 कुल रकबा 4.5560 हे. भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन के साथ फार्म बी-1 2019-20, वसीयतनामा एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर उक्त भूमि का नामांतरण हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 03/09/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**


























## खबर संक्षेप

### डॉ मिश्रा होंगी एसईसीएल की अगली सीएमएस

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की वर्तमान मुख्य चिकित्सा सेवाएं (सीएमएस) डॉ प्रतिभा पाठक आगामी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रही हैं,कंपनी प्रबंधन ने नए सीएमएस के तौर पर कंपनी मुख्यालय में ही पदस्थ डॉ श्रुति देव मिश्रा को अगला सीएमएस नियुक्त किया है,मंगलवार 19 अगस्त को एसईसीएल की महाप्रबंधक मानव संसाधन /अधिकारी स्थापना सुजाता रानी ने इस बावत आदेश जारी किया है।

### अरूण ने इंटक से दिया त्यागपत्र

**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य एवं केतकी खदान के ओवरमैन पद पर पदस्थ अरुण पांडेय ने इंटक संगठन से त्यागपत्र दे दिया है।उन्होंने बताया कि ड्यूटी व परिवारिक व्यस्तता के कारण वे श्रमिक संगठन को समय नहीं दे पा रहे थे,इसीलिए उन्होंने स्वेच्छा से इंटक संगठन से त्यागपत्र दिया है।

### पुलिस ने कुरियर संचालकों, डिलिवरी कर्मचारियों की ली बैठक

**बिश्रामपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना प्रभारी बिश्रामपुर के द्वारा कुरियर संचालकों और डिलिवरी बॉय को सतर्क रहने की चेतावनी दी है और कहा है कि यदि निर्देशों का उल्लंघन हुआ तो सख्त कार्रवाई की जायेगी,इस कदम का उद्धेश्य कुरियर संचालकों और उनके कर्मचारियों को सावधान करना था कि वे किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों,यदि वे नियमों का उल्लंघन करते हैं,तो पुलिस उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी।मंगलवार,19 अगस्त को थाना प्रभारी बिश्रामपुर प्रकाश राठौर ने कुरियर संचालनकर्ता एवं डिलिवरी कर्मचारियों की बैठक ली और कहा कि सभी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी तरह से नशीली दवाओं,हथियारों-चाकू या अन्य अवैध वस्तुओं के परिवहन में आप शामिल न हों, यदि ऐसा करते हैं तो गंभीर कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा,उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए पार्सल की अच्छे से जांच करें,पार्सल भेजने और प्राप्त करने से पहले उनकी सावधानीपूर्वक जांच करें, यदि आपको कोई संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई देती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### विधायक उद्धेश्वरी ने सबाग में बने नए हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में आदिवासी सुदूर अंचल सबाग में 75 लाख 23 हजार की लागत से बने हाई स्कूल भवन का लोकार्पण फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से एक हाई स्कूल विद्यालय की मांग की जा रही थी जिसे आज पूरा किया गया। यहां के बच्चों को 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय कर सामरी पाठ में हाई स्कूल विद्यालय की शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता था। यहां विद्यालय को खुल जाने से अब समय से छात्र-छात्राएं अध्ययन कर अपने घर जा सकते है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु कई योजनाएं चलाए जा रहे है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की विकास कार्य होने में कमी नहीं की जाएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज, बसंती भगत, अशोक सोनी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार गुप्ता,विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, जन्मजय सिंह, रामानंद यादव, लक्ष्मण पैकरा, राजेश्वर गुप्ता, अर्जुन यादव, मनी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



### समिति प्रबंधक पर फर्जी ऋण प्रकरण का आरोप, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** क्षेत्र अंतर्गत रेवटी समिति प्रबंधक पर किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए फर्जी ऋण वितरण प्रकरण की जांच की मांग की है। शिव भजन सिंह मरावी के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधक द्वारा पहाड़ कला क्षेत्र के एक किसान पत्थरी जाति के संयोगदास के नाम पर 1 लाख 8 हजार रुपये का ऋण खाते में स्वीकृत दिखाया गया, जबकि संबंधित किसान ने कभी लोन लिया ही नहीं। बावजूद ऋण राशि का आहरण कर लिया गया। किसानों ने बताया कि ऐसे कई मामलों में किसानों के नाम पर फर्जी ऋण स्वीकृत कर निकासी की गई है। जब इस विषय पर किसानों ने समिति प्रबंधक से पूछताछ की तो टालमटोल जवाब दिया गया। किसानों ने इसे गंभीर वित्तीय गड़बड़ी करार देते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान समिति केंद्र के पास बनारस रोड हाईवे पर चक्का जाम कर आंदोलन करेंगे।

## छग के रजत महोत्सव में वर्चुअल रूप से शामिल हुए सीएम, दी करोड़ों रुपए की सौगात

# 25 वर्षों में छग ने छुए अनेक आयाम, नए संकल्पों के साथ बढ़ना है आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है, जो फरवरी 2025 तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रत्येक विभाग द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अवसर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। बीते 25 वर्षों में राज्य ने विकास के अनेक आयाम छुए हैं और अब हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है।

**खास बात**
- नया बस स्टैंड स्थित अटल परिसर में किया गया अटल प्रतिमा का अनावरण

उन्होंने सभी नागरिकों से एकजुट होकर प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। सीएम श्री साय बुधवार को तिलसिवां में रजत महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम श्री साय इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शामिल हुए। सीएम ने मुख्यमंत्री ने सूरजपुर के नए बस स्टैंड स्थित अटल परिसर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान सीएम ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल जी को नमन करता हूं। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर यहां के लोगों को एक नई पहचान दी। उनकी स्मृति में सरकार द्वारा अटल निर्माण वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके लिए 4 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए श्री साय ने बताया कि विगत 20 महीनों में मोदी की गारंटी के तहत अनेक जनकल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा श्री साय ने जल जीवन मिशन के तहत गांवों व शहरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, सड़कों के सुधार और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए सूरजपुर प्रशासन की सराहना भी की। कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से डिप्टी सीएम अरुण साव ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने स्थापना के 25 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है। उन्हीं के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की गई, जिससे गांव-गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा गया और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।

डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सूरजपुर जिले को 211 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। निश्चित रूप से इन कार्यों से सूरजपुर जिले का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, श्रीमती रेखा राजवाड़े, लवकेश पैकरा, रेडक्रोस सोसाइटी अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, सत्य नारायण सिंह, राम कृपाल साहू, मुकेश गर्ग, शशिकांत गर्ग, अजय अग्रवाल, सरपंच श्रीमती बिमला सिंह, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को वर्चुवली संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।



पात्र हितग्राहियों को उनके घर की चाबी सौंपते पापुनि के अध्यक्ष राजा पाण्डेय व अन्य।

### विकास के अनेकों आयाम स्थापित : भुलन

विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। आज राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनभागीदारी और सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में और भी ऊँचाइयों को छुएगा। प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने हमारा छत्तीसगढ़ अब 25 वर्ष का पड़ाव पार कर एक युवा छत्तीसगढ़ बन गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रजत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते 25 वर्षों में राज्य ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा छत्तीसगढ़ का चौमुखी विकास के लिए शासन कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना सबका साथ सबका विकास को छत्तीसगढ़ में साकार करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निरंतर छत्तीसगढ़ सरकार कार्य कर रही है।

### 211 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को 211 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम के दौरान 78 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुए 37 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को अंतिम छोर तक पहुँचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए और भी योजनाएं शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही सीएम ने किसान मेला सह जैविक मेला सह प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण का शुभारंभ भी वर्चुअली किया। जबकि हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया।

# हाथी के हमले से पूर्व चौकीदार की मौत, देर रात ग्रामीणों के साथ भगा रहा था गजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

घुई वन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंगा गांव में बीती रात उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब देर रात हाथी गांव में आ धमका। इधर हाथी के उत्पात मचाने पर गांव के लोग हाथी को भगाने का प्रयास करने लगे तभी पूर्व चौकीदार का हाथी से आमना-सामना हो गया जिससे हाथी के हमले से पूर्व चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। हैरानी की बात तो है कि क्षेत्र में लगातार हाथी के गांव में पहुंच रहे है बावजूद इसके हाथी निगरानी दल को हाथी का लोकेशन पता नही चल रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और वन विभाग पर अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाया है।

- घरों व फसलों को पहुंचाया नुकसान, ग्रामीणों ने दहशत में गुजारी रात
- पीड़ित परिवार को वन विभाग ने उपलब्ध कराई सहायता राशि

विकासखंड प्रतापपुर में हाथी के हमले से इंसानों की जान जा रही है वहीं वन विभाग लापरवाह एवं खामोश है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी वनों की रक्षा तो दूर की बात है। हाथियों की निगरानी तक नहीं पा रहे जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बंगा गांव में बीती रात हाथी गांव में न सिर्फ पहुंच गया बल्कि ग्रामीण के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा। देर रात करीब 1 बजे सराय दाढ़ निवासी नाबालिक आ. लाल साय के घर को एक हाथी ने तोड़ डाला और घर को क्षतिग्रस्त किया। घर को तोड़ने के बाद में देर रात गांव में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीण हाथी के गांव में आ जाने पर शोर मचाने लगे और हाथों में लाठी डंडा टॉर्च लेकर हाथी के पीछे-पीछे दौड़ने लगे। देर रात ग्रामीण किसी तरह साहस जुटा कर हाथी को भगाने की कोशिश कर रहे थे तभी ग्रामीणों के साथ हाथी भगा रहे गांव के पूर्व चौकीदार बलदेव आ. रामलाल (40 वर्ष) का हाथी से आमना सामना हो गया जिससे हाथी ने उसे पकड़ कर कुचल दिया जिससे पूर्व चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। यह गांव वन परिक्षेत्र घूई के अंतर्गत में पड़ता है जहां पिछले एक सप्ताह से हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। बावजूद इसके वन विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।



हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त घर, इनसेट में मृतक।

### हाथी भगाने के चक्कर में गई जान

ग्रामीणों का कहना है कि वह कई बार वन विभाग को सूचना दे चुके थे लेकिन विभाग केवल कागजी कार्रवाई कर खाना पूर्ति में जुटा रहता है। हाथियों के मूवमेंट पर न तो कोई ठोस निगरानी की जाती है और न ही ग्रामीणों की सुरक्षा की जाती है। वन विभाग द्वारा हाथी की निगरानी नहीं करने के कारण हाथी के गांव में पहुंच जाने पर गांव के लोगों द्वारा भगाया जाता है। रात्रिकालीन हाथी को भगाने का प्रयास करते हैं और डर के साए में जीते हैं। बरसात के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और रात के समय हाथी आ जाने से घर के बूढ़े बुजुर्ग बच्चे सहम जाते हैं। बीती रात भी हाथी भगाने के चक्कर में एक ग्रामीण की मौत हो गई।

### घर व फसलों को पहुंचाया नुकसान

प्रतापपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हाथियों का झुंड आए दिन फसलों को रौंद देता है और कच्चे घरों को तोड़ क्षतिग्रस्त कर देता है। ऐसे में ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन केवल हाथी के नाम से हाथी प्रभावित का मुआवजा दे देता है जबकि सुरक्षा के कोई उपाय नहीं करते। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी निरंतर मॉनिटरिंग नहीं करने का वजह से हाथियों का मूवमेंट का पता नहीं चलता और हाथी सीधा गांव की ओर रुख करते है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 5 से 7 हाथी का दल घूम रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### पीड़ित परिवार को दी गई है सहायता राशि

मृतक के परिजन को वन विभाग द्वारा तत्काल 25 हजार की सहायता राशि दी गई है। वन विभाग की टीम हाथी पर नजर जमाए हुए है। जिनका फसल नुकसान हुआ है उनका मुआवजा प्रकरण बनाने निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों को हाथी से दूरी बनाए और सतर्क किया जा रहा है।

-प्राकृतिक बारले
एसडीओ वन विभाग

# प्रधान डाकघर का चेक स्कैनर कई दिनों से खराब होकर बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पिछले करीब एक माह से प्रधान डाकघर अंबिकापुर में लगा चेक स्कैनर मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने से संभाग के विभिन्न डाकघरों में लेनदेन का कार्य बड़ी तादात में प्रभावित हुआ है।डाकघर के स्थानीय एजेंटों ने बताया कि इस संबंध में कई बार आला अधिकारियों को निवेदन करने के बाद अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।स्कैनर मशीन खराब हो जाने से डाकघर अभिकर्ताओं सहित ग्राहकों का समय पर चेक क्लियर नहीं हो पा रहा है जिससे भारी परेशानी बनी हुई है।

- विभिन्न शाखाओं का कई लाख रुपये का चेक भुगतान हूआ लंबित,ग्राहक एवं अभिकर्ता दोनों भारी परेशान

अभिकर्ताओं ने बताया कि प्रधान डाकघर अंबिकापुर से पूरे सरगुजा संभाग के डाकघरों का काम काज संचालित होता है,विभिन्न शाखा के डाकघरों में पहुंचे चेक को क्लियरेंस के लिए अंबिकापुर प्रधान डाकघर भेजा जाता है,चेक क्लियर होने के बाद खातों में राशि का समायोजन हो जाने के बाद भुगतान होता है, मुख्यालय स्थित स्कैनर मशीन के खराब हो जाने से कई लाख का भुगतान होना लंबित है।अभिकर्ताओं ने यह भी बताया कि जब इस संबंध में जानकारी ली जाती है तो एक सधा हूआ जवाब मिलता है कि पुरानी मशीन खराब है, पंद्रह बीस दिनों में नई मशीन आनी है जिसके बाद ही काम पुनः शुरू हो पाएगा। फिलहाल प्रधान डाकघर के अधिकारियों की लापरवाही, मनमानी और सुस्त कार्यशैली से अभिकर्ता और ग्राहक दोनों परेशान हैं।इस संबंध में अंबिकापुर प्रधान डाकघर के डाक सहायक संजय कुमार ने बताया कि कैनन कंपनी की स्कैनर मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने से समस्या बनी हुई है,हमने मशीन को सुधार हेतु संबंधित कंपनी को भेजा भी था, लेकिन सुधार नहीं हो पाने से, डाक परिमंडल कार्यालय रायपुर को नई स्कैनर मशीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा गया है, जल्द ही मशीन उपलब्ध होने के बाद कार्य सुचारू रूप से पुनः संचालित होगा।

# एसईसीएल की बलरामपुर 10-12 खदान बंद होने से रोजगार और विकास पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर 10/12 खदान का संचालन बंद होने से प्रबंधन को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, उक्त खदान का सीटीओ नवीनीकरण लंबित होने के कारण उत्पादन पूरी तरह से बंद हो चुका है,इससे हजारों मजदूर, ठेका कर्मचारी, ट्रांसपोर्टर और छोटे व्यापारी गहरे संकट में आ गए हैं।भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ ने इस गंभीर स्थिति पर राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सीटीओ का अतिशीघ्र न्यूनतम एक वर्ष का विस्तार दिए जाने की मांग की है,भारतीय कोयला खनन मजदूर संघ बीएमएस के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि 11 जुलाई 2025 को क्षेत्रीय विधायक व महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वित्त एवं वाणिज्य मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर खदान के सीटीओ नवीनीकरण पर चर्चा की थी,उस बैठक में वित्त मंत्री चौधरी ने स्पष्ट रूप से एक वर्ष का विस्तार देने का आश्वासन दिया था,लेकिन आश्वासन दिए जाने के एक महीने बाद भी खदान को अनुमति नहीं मिल पाई है,इससे खदान से जुड़े मजदूरों और आम नागरिकों में गहरा असंतोष है,पत्र में उल्लेख किया गया है कि बलरामपुर 10/12 खदान में लगभग 30 लाख टन उच्च गुणवत्ता का कोयला अब भी उपलब्ध है,यह कोयला राज्य व राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जा रहा है,संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि उत्पादन बंद होने से न केवल ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है बल्कि कोयला आधारित उद्योगों और बिजली घरों पर भी असर पड़ सकता है, संघ का कहना है कि यह केवल रोजगार का मुद्दा नहीं बल्कि सैकड़ों परिवारों के अस्तित्व का प्रश्न है,खदान के बंद होने का असर सिर्फ मजदूरों पर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ चूका है,संघ ने चेताया है कि खदान से राज्य सरकार को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता रहा है,खदान बंद होने से सरकार को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर विकास कार्यों और योजनाओं पर पड़ेगा,भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि यदि सरकार न्यूनतम एक वर्ष का सीटीओ विस्तार देती है, तो संगठन प्रबंधन के साथ मिलकर सभी पर्यावरणीय औपचारिकता पूरी करेगा और पर्यावरण क्लियरेंस के लिए सक्षम दस्तावेज प्रस्तुत करेगा,संघ के महामंत्री सुजीत सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेम जायसवाल और समिति सदस्य राकेश सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि यह सिर्फ मजदूरों की रोजी-रोटी का नहीं बल्कि पूरे इलाके के विकास और राज्य की ऊर्जा सुरक्षा का गंभीर प्रश्न है।

- बीएमएस यूनियन ने सीएम को भेजा पत्र
- अतिशीघ्र न्यूनतम एक साल का सीटीओ नवीनीकरण करने की हुई मांग

## छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ 11 सूत्रीय मांग को लेकर कल रहेंगे हड़ताल पर

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तहसील संयोजक संजीव शर्मा एवं ब्लॉक संयोजक हरकेश भारती ने बताया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लगातार शासन प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। सरकार द्वारा कर्मचारी हित में मांगों को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारियों में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध 120 संगठनों ने मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। द्वितीय चरण के तहत सभी मांगों को लेकर 22 अगस्त को संघ द्वारा जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।






## घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह डेढौली पारा निवासी बुधन नामदेव आ. स्व. डेमुराम नामदेव (38 वर्ष) 9 मार्च को ग्राम असकला निवासी अमृत नागेश के यहां शादी विवाह के संबंध में बात करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 6601 से गया था। बाइक को घर के सामने खड़ा कर बातचीत करने लगा और 10 मिनट बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो गत दिन आरटीओ से बाइक का दस्तावेज निकलवा कर रघुनाथपुर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 3033 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।





